हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 13 जून 2024

04 प्री-मानसून की जोरदार बारिश से सड़कें हुईं जलमग्न...



07 अब तीसरी आंख की कैद में होंगी सराफा बाजार की...





### प्रशिक्षण शिविर में मॉकड्रिल के दौरान उपायुक्त ने दिए निर्देश

# बाढ़ आपदा से निपटने के लिए सभी क्षेत्रों में बचाव कार्य के लिए करें पुख्ता इंतजाम

**बाढ़ आपदा से निपटने के लिए संभावित क्षेत्रों में पुख्ता व्यवस्था इंतजाम किए जाएं। यह बात बुधवार को सेठानीघाट पर आयोजित होमगार्ड के जवानों को प्रशिक्षण के दौरान उपायुक्त गणेश जायसवाल ने अधिकारियों से कही। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की कमी नहीं रखी जाए।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶नर्मदापुरम



बुधवार को संभागायुक्त नर्मदापुरम संभाग डॉ पवन कुमार शर्मा के निर्देशानुसार उपायुक्त (राज.) गणेश जायसवाल द्वारा सेठानी घाट पर बाढ़ आपदा के संबंध में होमगार्ड द्वारा आयोजित की गई मॉक ड्रिल का निरीक्षण किया गया। उपायुक्त ने मॉकड्रिल के दौरान बाढ़ आपदा से निपटने के लिए उपयोग में आने वाले डाइवर्स सूट का निरीक्षण किया। उन्होंने डीप डाइवर्स कम्युनिकेशन सेट द्वारा पानी के 10 मीटर अंदर तक मौजूद प्रशिक्षित गोताखोर से बात की एवं कम्युनिकेशन सेट के संचालन की भी जानकारी ली। उन्होंने बताया की गत दिवस संभागायुक्त डॉ पवन कुमार शर्मा द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में जिला होमगार्ड द्वारा उक्त मॉकड्रिल का आयोजन किया गया जिससे की आपदा के समय उपलब्ध संसाधनों की स्थिति तथा बाढ़ के समय बचाव कार्यों में किसी भी प्रकार की रुकावट न उत्पन्न हो यह सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने नदी मार्ग के द्वारा अन्य घाटों का भी निरीक्षण किया एवं घाटों पर बाढ़ आपदा के समय सांकेतिक बोर्ड, होमगार्ड के जवानों की तैनाती आदि के संबध में निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया। मॉक ड्रिल के दौरान संभागीय कमांडेंट होमगार्ड द्वारा बताया गया कि जिले में 6 गोताखोर कोलकाता एवं पुणे से डीप डाइविंग का प्रशिक्षण प्राप्त करके आए हैं इसी के साथ अन्य गोताखोरों को भी आपदा प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला मुख्यालय पर अभी तीन डीप डायवर्स सेट उपलब्ध है जिसमें की दो कम्युनिकेशन सेट हैं एवं एक नॉर्मल सेट उपलब्ध है।

उपायुक्त द्वारा जिला कमांडेंट कार्यालय का भी निरीक्षण किया एवं जिला होमगॉर्ड मुख्यालय पर उपलब्ध बाढ़ एवं अन्य आपदाओं से निपटने के लिए उपयोग किए जाने वाले उपकरणों का भी निरीक्षण किया एवं उनके संचालन की विधि की भी जानकारी ली। उपायुक्त जायसवाल ने होमगार्ड के ट्रेंड स्टाफ द्वारा उपकरणों का संचालन करवा कर उनके न्यूनतम प्रतिक्रिया समय की भी जानकारी ली साथ ही साथ आपदा के समय बचाव कार्यों के दौरान रस्सियों में लगाई जाने वाली विभिन्न नॉट के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने राहत एवं बचाव कार्य के दौरान उपयोग किए जाने वाले अन्य उपकरणों का बारीकी से निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी उपकरण रेडी टू यूज कंडीशन में रखे जाएं ताकि आवश्यकता पड़ने पर उपकरणों का उपयोग समय पर किया जा सके। उपायुक्त द्वारा होमगार्ड मुख्यालय पर उपलब्ध मोटर बोट, लाइफ जैकेट, फ्लड लाइट्स, इमरजेंसी लाइट्स, रोप लॉन्चर्स, रेस्क्यू व्हीकल्स आदि की उपलब्धता की भी जानकारी ली। उन्होंने बताया कि जिले में बाढ़ एवं अन्य आपदा से निपटने के लिए जिले में पर्याप्त मात्रा में संसाधन उपलब्ध है एवं कुछ संसाधनों को क्रय भी किया जा रहा है जिससे राहत एवं बचाव कार्य को मजबूती प्रदान की जा सके। निरीक्षण के दौरान संभागीय कमांडेंट होमगार्ड, एसडीएम नर्मदपुरम नीता कोरी, जिला कमांडेंट होमगार्ड सहित एसडीआरएफ टीम के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

# पचमढ़ी के धार्मिक स्थलों के आसपास पसरा गंदगी का अंबार, लोग परेशान

**पर्यटकों द्वारा छोड़ा जा रहा कचरा बना परेशानी का सबब**

हरिभूमि न्यूज ▶▶पचमढ़ी

प्रदेश का एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी इन दिनों पर्यटकों द्वारा छोड़े गए कचरे से काफी आहत है परेशान है।वैसे तो पचमढ़ी में पर्यटन से जुड़े हुए भाग एवं आम जनता पचमढ़ी आने वाले पर्यटकों की खुशामदित करते नहीं चूकता है।कभी भी पर्यटकों को पचमढ़ी के लोगों के व्यवहार से कोई समस्या नहीं रहती। पचमढ़ी के पर्यटन स्थल जैसे की बी फॉल, राम्या कुंड, अप्सरा विहार मे आजकल कचरे का अंबार नजर आ रहा है। में पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों के साथ जाने वाले गाइड एवं ड्राइवर पर्यटकों को लगातार कचरा न फैलाने का आग्रह करते हैं।



### बच्चों के डायपर बने सबसे बड़ी समस्या

प्राकृतिक जगह पर बच्चों के डायपर सबसे बड़ी समस्या बनते नजर आ रहे हैं। गाइड वन विभाग कर्मी या प्रकृति प्रेमी चिप्स के पैकेट शराब की बोतल पानी की बोतल तो उठा लेते हैं लेकिन गंदे डायपर कौन उठायेगा यह समस्या हमेशा से बनी रहती है। पानी में भीग कर डायपर काफी फूल जाते हैं और कई दफा यह फट जाते हैं और इनका कॉटन पूरे जंगल में फैला नजर आता है। इन डायपरों से वन्यजीवों को भी काफी खतरा है। ऐसे में वन विभाग को इस मामले में कोई सख्त कदम जरूर उठाना चाहिए।

### खाद्य सामग्री बना कचरा का सबसे बड़ा कारण

ऐसा नहीं है कि पर्यटन स्थलों पर खाद्य सामग्री पूर्णता बंद किया जाना ही एकमात्र उपाय है। पर्यटक कहीं घूमने जाते हैं तो खाना पानी यह मूलभूत आवश्यकता है उनके पास रहनी भी चाहिए। लेकिन इन खाद सामग्री जैसे की चिप्स के पैकेट पानी की बोतल आदि से होने वाला कचरा प्रकृति को हानि पहुंचा रहा है एवं प्राकृतिक सौंदर्य में कलंक भी बनता नजर आ रहा है।

### एमपीटी द्वारा बनाए गए शौचालय से फैल रही दुर्गंध

बी फाल जाने वाले पर्यटक बताते हैं कि बी फाल प्रथम कुंड के इर्द-गिर्द डायपरों का अंबार लगा हुआ है और शौचालय होने के कारण मूत्र की बदबू काफी विचलित कर रही है। दुर्गंध इतनी ज्यादा होती है कि सुंदर नजारा एंजॉय करना भी मुश्किल होता जा रहा है।

इस मामले में एडी वन विभाग पचमढ़ी संजीव शर्मा ने बताया कि तस्वीरों के माध्यम से पर्यटन स्थलों पर गंदगी से अवगत हुए हैं। कल से सफाई की कार्रवाई हम प्रारंभ करेंगे। साथा ही सुनिश्चित करेंगे कि वन विभाग की एक गाड़ी जिसमें वन विभाग के एक या एक से अधिक कर्मचारी पर्यटन स्थलों का भ्रमण करें और कचरे को पर्यटन स्थलों से लेकर आएं। जंगल और जंगल में रहने वाले वन्य जीव हमारी प्राथमिकता है हम जंगल को साफ रखने की पूरी कोशिश में लगे रहते हैं साथ ही पर्यटकों की मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखना भी हमारा कर्तव्य है। हम कोशिश करेंगे जंगल एवं पर्यटक दोनों का ही ख्याल रखा जाए।

# नाबालिग वाहन चालकों पर की चालानी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶नर्मदापुरम

विगत दिवस शहर के नारायण नगर में दो स्कूटी की आमने सामने से हुई भिड़ंत के बाद आरटीआई विभाग हरकत में आया। बुधवार को आरटीओ अधिकारी निशा चौहान एवं यातायात डीएसपी संतोष मिश्रा के संयुक्त नेतृत्व में विभागीय जांच दल द्वारा नर्मदापुरम शहर के स्थानीय नर्मदा महाविद्यालय के सामने नाबालिग वाहन चालको के विरुद्ध चालानी एवं रोको - टोको अभियान चलाया। जिसके तहत दोपहिया वाहन चालको को रोका गया। साथ ही पालकों को बुलाकर अथवा फोन के जरिए आगे भविष्य में पुनः वाहन न देने की हिदायत देते हुए नाबालिग वाहन चालक तथा वाहन स्वामी पर चालानी कार्रवाइ की गई। जिन वाहन चालको द्वारा चालान नही कटवाया गया उक्त वाहनों को जप्त कर यातायात थाने में खड़ा करवाया गया। जिन्हे कोर्ट भेजा जाएगा, लगभग 26 वाहनों पर चालानी कार्यवाही करते हुए 50 हजार रुपए राजस्व वसूला गया। 9 गाडियां जप्त की गई।

### आंचलखेड़ा ग्राम पंचायत की दुकानें 28 को होगी नीलाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶आंचलखेड़ा

ग्राम पंचायत आंचलखेड़ा द्वारा बनाई गई 11 दुकानों की पुर्न नीलामी 28 जून दोपहर 12 बजे माखननगर जनपद पंचायत कार्यालय में रखी गई है । ज्ञात होवे कि विगत लगभग 20 बर्ष पूर्व ग्राम पंचायत द्वारा यह दुकानें बनाई गई तभी से दुकान मालिकों ने दुकानों किराया नहीं दिया जिसके चलते पंचायत ने समस्त दुकान मालिकों के विरुद्ध किराये जमा करने के नोटिस जारी किए थे परन्तु किसी भी दुकानदार ने किराया जमा नहीं किया तभी पंचायत ने 11 जून को एक विज्ञप्ति जारी की जिसमें लिखा गया है कि ग्राम पंचायत आंचलखेड़ा की 11 स्वामित्व की पुरानी दुकाने यथास्थिति में 500 रूपये प्रतिमाह प्रति दुकान की पुर्न नीलामी 28 जून को रखी गई है जिसमे दुकान क्रमांक 01 अजा वर्ग एवं दुकान क्रमांक 2,3,4,7,11 अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित हैं वहीं शेष अनारक्षित है वहीं दुकानों की नीलामी की राशी एक लाख रुपए रखी गई है।

# आगामी त्योहार शांतिपूर्वक व सौहार्द्रता के साथ मनाए जाना चाहिए: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶नर्मदापुरम



कलेक्टर सोनिया मीना ने जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में जिले वासियों से कहा कि आगामी दिनों में सभी धर्म के पर्व एवं त्यौहार आने वाले हैं। सभी धर्म के लोग अपने पर्व एवं त्योहार शांतिपूर्वक एवं सौहार्द्रता के वातावरण में मनाएं। 16 जून को गंगा दशहरा, 17 जून को ईदुजजुहा एवं आगामी तिथियों में आनी वाली सोमवती अमावस्या, मोहर्रम , रक्षा बंधन , नागद्वारी मेला, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सभी पर्व त्यौहार शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के साथ मनाया जाए।

कलेक्टर ने बताया कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम जिले में आयोजित किया जाएगा। इस दिन सभी शैक्षणिक संस्थाओं, पर्यटन स्थल पचमढ़ी एवं धूपगढ़, सभी विकास खंडो में योग के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे लेकिन इसके पूर्व फ्री योगा का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें 21 जून को आयोजित होने वाली योग दिवस की रिहर्सल की जाएगी। बैठक में शहर काजी अशफाक अली ने कहा की हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर पालिका द्वारा पानी का कंटेनर जगह-जगह रखा जाए , इस दिन 2 घंटे अतिरिक्त पानी नलों से दिया जाए। जिन मस्जिदों में नमाज अता की जाएगी वहां विशेष साफ सफाई की व्यवस्था हो जाए साथ ही कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी भी लगाई जाए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वह नमाज अता करने वाली सभी मस्जिदों की लिस्ट प्राप्त करें और वहां पर त्योहार से पूर्व साफ-सफाई कराई जाए। कलेक्टर ने बताया कि सभी जगह पर कार्यपालिका मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई जाएगी।

बताया गया कि 16 जून को गंगा दशहरा का पर्व भी भव्य रूप में मनाया जाएगा। इस दिन जिला स्तर पर एक वृहद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। विधायक डॉक्टर सीता सरन शर्मा ने कहा कि जिले में अभी सबसे ज्वलंत समस्या यह है कि 3 से 4 स्नान घाटों में नाबालिग बच्चे स्नान करने जाते हैं और दुर्घटना का शिकार होते हैं।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में मरीजों ने कराई जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶नर्मदापुरम

नर्मदा अपना अस्पताल एवं बैंक ऑफ इंडिया बाबई के सहयोग से बुधवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन बैंक की बाबई शाखा में किया गया। जिसमें बैक के खाताधारकों एवँ स्टाफ की निःशुल्क बीपी, शुगर की जांचें की गई। डॉक्टरों द्वारा मरीजों को निशुल्क परामर्श भी दिया गया। नर्मदा अपना अस्पताल के मीडिया प्रभारी मनोज सारन ने बताया कि बदलते मौसम के कारण आमजन को कई स्वास्थ्य समस्याओं से दो चार होना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखकर बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से बाबई में इस निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नर्मदा अपना अस्पताल के डॉ.भविष्य सोलंकी, अनिल गौर, सुमित गौर, नर्सिंग स्टाफ महेश मालवी, पूनम खादीपूरे, देव यादव एव बैक ऑफ इंडिया प्रबंधक पीयूष त्रिकाम, पूजा सिलावट, कृष्णकांत, उमेश यादव व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। ऐसे स्वास्थ्य शिविर लगाने के लिए बैंक प्रबंधन व बाबई के आम नागरिकों ने नर्मदा अपना अस्पताल का आभार व्यक्त किया।

### एडीपीसी ने किया पीएम श्री स्कूल का निरीक्षण

**नर्मदापुरम।** लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश भोपाल एवं जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम के निर्देशानुसार एडीपीसी राजेश गुप्ता ने सिवनी मालवा विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चतरखेडा, शासकीय नवीन हाई स्कूल बाबरी, शासकीय पीएम श्री माध्यमिक शाला बाबरी का निरीक्षण किया। शासकीय पीएम श्री माध्यमिक शाला बाबरी मे शिक्षक संवर्धन प्रशिक्षण मे भी उपस्थित हुए, उपस्थिति के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की समीक्षा की गई। साथ ही सभी शिक्षकों को उचित मार्गदर्शन दिए, उसके पश्चात पीएम श्री विद्यालय के द्वारा अभी तक जो कार्य किए गए हैं, उनका गहन निरीक्षण किया गया। इसमें बच्चों के द्वारा उन्होंने अभी तक पीएम श्री स्कूल में क्या-क्या सीखा इसके बारे में भी पूछा गया, कंप्यूटर कैसे चलाते है विद्यालय में पढ़ाई का स्तर कैसा है, आकलन किया साथ ही बाल वाटिका के लिए अतिरिक्त कक्ष का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। शिक्षण सत्र से शाला में विधिवत्त रूप से संचालन हो इस प्रकार की दिशा निर्देश प्रदान किए गए। इसी के साथ आईसीटी लैब, डिजिटल लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए गए कि निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता युक्त होना चाहिए। निगरानी एवं शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा 15 जून तक समस्त कक्षाओं की साफ सफाई पूर्ण करते हुए संचालन किया जाए इसके दिर्नेश दिए। निरीक्षण के दौरान संकुल प्राचार्य चतर खेड़ा वंदना मिश्रा, हाई स्कूल प्राचार्य रुचि गौर, पीएम श्री प्रधान पाठक सुरेंद्र पटेल, एसआर तेकाम, संध्या यदुवंशी, रेखा केवट आदि शिक्षक उपस्थित थे।

### स्वसहायता समूह की महिलाओं की बैठक संपन्न

**नर्मदापुरम।** स्थांनीय जनपद पंचायत नर्मदापुरम के सभागृह में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मुख्यत कार्यपालन अधिकारी हेमंत सूत्रकार के नेतृत्व में स्व सहायता समूह की महिलाओं की बैठक की गई। बैठक में जल संवर्धन के संबंध में जानकारी दी एवं ग्राम पंचायतों में समूह की महिलाओं को ग्राम में स्वच्छता एवं जल संवर्धन के कार्य में जन भागीदारी बढ़ाने एवं जन सहयोग से श्रमदान कर साफ सफाई एवं जल संवर्धन हेतु गतिविधियां करने के लिये अपेक्षा की अंत में सीईओ सूत्रकार के द्वार जल संरक्षण हेतु शपथ दिलाई गइ्रई। बैठक में जनपद पंचायत से ब्लाक समन्वयक रामकुमार गौर, कैलाश कीर, नीरज सिंह, कविता पाठक सहित समूह की लगभग 40 महिलाओं की भागीदारी रही।

### जिला टास्क फोर्स की बैठक आज

**नर्मदापुरम।** जिला टास्क फोर्स की बैठक कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में 13 जून को दोपहर 3:30 बजे कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। वन मंडल अधिकारी नर्मदापुरम ने सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में अघतन जानकारी सहित उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

**सभी अधिकारी नागद्वारी क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लें: कलेक्टर**

# शिव की नगरी पचमढ़ी के पारंपरिक नागद्वारी मेले की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶नर्मदापुरम



नागद्वारी मेला अगस्त माह में आयोजित किया जाएगा। नागद्वारी मेला में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर सोनिया मीना ने बुधवार को आयोजित नागद्वारी मेला की तैयारी संबंधी बैठक में सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह नागद्वारी मेला क्षेत्र का भ्रमण कर मौजूदा आवश्यक व्यवस्थाओं का आकलन करें।

मौजूद व्यवस्थाओं का जायजा ले एवं अन्य और क्या व्यवस्थाएं बढ़ाई जा सकती है इस पर विचार करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए की मेला अवधि के दौरान पार्किंग, भोजन, वाहन, मेडिकल फैसिलिटी से संबंधित सभी आवश्यकताओं का आकलन कर तैयारी सुनिश्चित रखें। कलेक्टर सभा कक्ष में आयोजित बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत ने बताया कि नागद्वारी मेला हर वर्ष भव्य स्वरूप में मनाया जाता है। मेला में 6 से 7 लाख श्रद्धालु आते हैं, उन सभी श्रद्धालुओं के लिए जिला प्रशासन, महादेव मेला समिति, कैंट, साडा द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाती हैं। मेला में विभिन्न मंडल संस्थाएं भी आती है उनको सामान अलाट किया जाता है। कलेक्टर ने नागद्वारी मेला आयोजन से पूर्व पिपरिया एसडीएम संतोष कुमार तिवारी को निर्देश दिए कि वह 14 जून को मेला क्षेत्र विशेष रूप से जल गली से काला झाड़ ,जोड़ नाला, हनुमान गिरी, चित्र शाला, चिंतामणि गुफा, स्वर्गदार, पश्चिम द्वार, नागद्वारी एवं काजरी ग्राम का भ्रमण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण करें।

कलेक्टर ने कहा कि नागद्वारी मेला में आसपास के जिलों के श्रद्धालु आते हैं। उनकी सभी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करना जिला प्रशासन का दायित्व है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधीक्षक यंत्री को निर्देश दिए कि मेला क्षेत्र में सड़क एवं पहुंच मार्ग सुगम हो, उन्होंने ईएपीएचई को निर्देश दिए की पानी के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। जिन ऊंचाइयों पर पानी नहीं पहुंच रहा है, वहां भी पानी पहुंचाने का पूरा प्रयास किया जाए। उन्होंने मेला क्षेत्र में आवश्यक पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संपूर्ण मेला क्षेत्र के आयोजन में पुलिस एवं होमगार्ड, केंट व साडा तथा राजस्व विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। कलेक्टर ने निर्देश दिए की मेला क्षेत्र में बनी रेलिंग स्ट्रक्चर की मजबूती को परख लिया जाए। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व का क्षेत्र होने के चलते कुछ अनुमतियां उनसे लेनी है वह सभी अनुमतियां ले ली जाए। कलेक्टर ने कहा कि आवश्यक सामग्रियों की व्यवस्था करने के लिए टेंडर जारी किए जाते हैं। टेंडर की प्रक्रिया का पालन नियम अनुसार किया जाए। बताया गया कि इस बार वाहन पार्किंग होटल हाइलैंड, ओल्ड होटल के पीछे, न्यू होटल आदि जगह बनाने की कार्य योजना बनाई जा रही है। बताया गया कि बड़ी बसे पगारा एवं मटकुली तक ही जाएंगे वहां से छोटी बसो एवं अन्य वाहन से मेला क्षेत्र में श्रद्धालु जा सकेंगे। कलेक्टर ने जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए की श्रद्धालुओं को बस किराया से संबंधित कोई भी दिक्कत न हो। सूची जारी कर दी जाए। संचालकों को निर्धारित किराए पर ही सवारी ले जाने के लिए निर्देशित करें।

# बिजली कर्मियों से दुर्व्यवहार और मारपीट पर होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶नर्मदापुरम

बिजली के मैदानी कर्मचारियों और अधिकारियों को ड्यूटी के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट दुर्व्यवहार की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने तुरन्त एफआईआर कराने के निर्देश दिए हैं। कंपनी ने कहा है कि प्रायः देखने में आ रहा है कि बिजली कर्मियों पर ड्यूटी के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट/ दुर्व्यवहार किया जा रहा है।

चूंकि ऐसी घटनाएं विद्युत अधिकारियों और कर्मचारियों का मनोबल गिराती हैं, इसलिए कंपनी के कार्यक्षेत्र में कार्यरत सभी नियंत्रणकर्ता अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि मैदानी अधिकारियों कर्मचारियों के साथ होने वाली दुर्व्यवहार या मारपीट की घटनाओं को पूरी गंभीरता से लिया जाए। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों/ कर्मचारियों से दुर्व्यवहार या मारपीट के मामलों को शासकीय कामकाज में बाधा डालने के तौर पर लिया जाकर तुरंत कानूनी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

कंपनी ने कहा है कि बिजली आपूर्ति के लिए विषम परिस्थिति में निष्ठापूर्वक काम कर रहे अधिकारियों-कर्मचारियों का मनोबल नीचा करने की इजाजत किसी को भी नहीं दी जा सकती है। कंपनी ने मैदानी अधिकारियों-कर्मचारियों से कहा है कि विद्युत आपूर्ति की स्थिति पर लगातार नजर रखें और जिले के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक से संपर्क कर किसी भी अप्रिय स्थिति में उनसे आवश्यक सहयोग प्राप्त करें।

## खबर संक्षेप



### जल गंगा संवर्धन अभियान में निकाली कलशयात्रा

**आमला।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत साफ सफाई, कुए, बावड़ी एवं जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। यह अभियान 16जून तक चलेगा। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनपद पंचायत आमला ने ग्राम पंचायत अंबाड़ा में बेल नदी उद्गम स्थल तक कलशयात्रा निकाली। शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक डॉ योगेश पंडागरे, जनपद अध्यक्ष गणेश यादव, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र गढ़ेकर, मंडल अध्यक्ष रामकिशोर देशमुख, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष किशन सिंह रघुवंशी द्वारा किया गया। विधायक पंडागरे ने कहा कि तापमान को संतुलित रखने के लिए हमें पौधरोपण कर उनकी देखभाल करना बहुत जरूरी है। ग्रामीण क्षेत्र जल संरक्षण की दिशा में बेहतर काम कर रहे हैं जो प्रशंसनीय है। इस अभियान के तहत और लोगों के सहयोग से साफ सफाई, गहरीकरण और सौंदर्यीकरण हो रहा है जो आगे चलके हम सबके के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। जनपद अध्यक्ष यादव ने कहा पौधे लगाकर उन्हें भूलना नहीं चाहिए उनकी बच्चों की तरह देखभाल करना चाहिए, इसके अलावा पानी का दुरुपयोग नहीं किया जाना चाहिए। इस अवसर पर जनपद सीईओ संजीत श्रीवास्तव, खंड पंचायत अधिकारी संजय सावरकर, सरपंच, सचिव रूसिलाल यादव, उपयंत्री आदि उपस्थित थे।

### शीतल जल की टंकी से नहीं मिला पानी

**शाहपुर।** बस स्टैंड पर शीतल जल की टंकी से नीचे नल तक पानी नहीं पहुंच पा रहा था। जिसकी सूचना नगर परिषद अध्यक्ष शाहपुर को दी गई है। बुधवार को सुबह 11 बजे से ही देर तक ऐसा ही हाल रहा। बता दें नौ तपे की गर्मी के पश्चात मृग नक्षत्र लगा है। बुधवार को बाजार का दिन भी था। यहां पर हजारों लोग पानी पीने का लेने के लिए आते हैं। राहगीर भी रास्ता चलते हुए यहां पर रुकते और पानी पीते हैं। परंतु उन्हें सुबह से ही शीतल जल की मशीन में पानी नहीं आने के कारण जल नहीं मिल सका। जिससे नागरिक और राहगीर दोनों परेशान रहे। व्यापारी भी परेशान रहे।

### पर्याप्त सुरक्षा के अभाव में 47 विस्फोटक लाइसेंस रद्द

**बैतूल।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने पर्याप्त सुरक्षा न होने एवं अनियमितताओं के दृष्टिगत जिले में 47 विस्फोटक लाइसेंस धारी के लाइसेंस निरस्त कर दिए हैं। एडीएम राजीव नंदन श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा समय-समय पर दिए दिशा-निर्देशों के अनुरूप कलेक्टर द्वारा जिले में अवस्थित विस्फोटक अनुज्ञप्तियों के संबंध में तहसीलदार के माध्यम से जांच परीक्षण कराया गया था। एडीएम श्रीवास्तव ने बताया कि कंप्रेसर युक्त ट्रैक्टर के लिए फार्म एलई-4 में प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर निरस्तीकरण की कार्रवाई की गई। जारी 18 लाइसेंस निरस्त किए गए तथा आतिशबाजी एवं पटाखा भंडार हेतु एलई-5 में जारी 29 लाइसेंस निरस्त किए गए।

### मात्र 3 घंटे में बैतूल और भैंसदेही में हुई 2-2 इंच से अधिक बारिश

# प्री-मानसून की जोरदार बारिश से सड़कें हुईं जलमग्न व नदी, नालों में आया पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मंगलवार की रात को जिला मुख्यालय बैतूल सहित भेसदेही में हुई जोरदार बारिश से लोगों को जंहा भीषण गर्मी से राहत मिली है, वही मौसम में ठंडक भी घुल गई है।

भीषण गर्मी के बाद समय पर मानसून आने से लोगों ने थोड़ी राहत महसूस की। प्री-मानसून बारिश का जोरदार आगाज होने से यह माना जा रहा है कि जिले में सामान्य से अधिक बारिश होगी। मंगलवार बुधवार को दरमियानी रात अचानक मौसम ने करवट ली और तेज गड़गड़ाहट और बिजली की चमक के साथ जोरदार बारिश होना शुरू हो गई। लगभग तीन घंटे तक लगातार हुई बारिश के चलते मौसम विभाग ने बैतूल और भैंसदेही क्षेत्र में दो-दो इंच बारिश दर्ज की है। इसके अलावा जिले के अन्य ब्लॉकों में भी प्री-मानसून बारिश हो रही है। अचानक बारिश के चलते लोगों को जहां भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली है, तो वहीं किसानों ने भी अपने खेतों की ओर अपना रूख कर लिया है, ताकि आने वाली फसल की तैयारी की जा सके।

### भैंसदेही- बैतूल में जोरदार बारिश



मंगलवार- बुधवार की दरमियान रात, जब लोग गहरी नींद में सो रहे थे, तभी अचानक रात 12 बजे बिजली की चमक के साथ बादलों की गड़गड़ाहट भी शुरू हो गई और देखते ही देखते बारिश ने भी अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया। बड़ी-बड़ी बूंदों के साथ लगभग तीन घंटे तक जोरदार बारिश होती रही। जिसके बाद मौसम में भी ठंडक महसूस हुई। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बैतूल और भैंसदेही में लगभग 3 घंटे के भीतर ही 60.2 मिमी और भैंसदेही में 52.0 मिमी यानि की दो-दो इंच बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा घोड़ाडोंगरी ब्लॉक में 3.0, चिचोली 3.2, शाहपुर 3.0, मुलताई 12.0, प्रभातपट्टन 21.2 मिमी, आमला 19.0, भैंसदेही 52.0, आठनेर 3.0 सहित जिले में लगभग औसत बारिश 17.7 मिमी दर्ज की गई।

### बैतूल में दो घंटे की बारिश मची अफरा तफरी



बैतूल शहर में दो घंटे से अधिक हुई बारिश ने अफरा-तफरी का माहौल निर्मित कर दिया। बारिश की गति इतनी तेज थी कि 2 घंटे में ही शहर की सड़कों पर पानी भर गया। तो वहीं माचना एनीकेट समेत शहर के आसपास के कई नदी-नालों में भी पानी आ गया। माचना नदी में पानी आने से भी राहत की बात यह रही कि अब लोगों को नपा द्वारा सप्लाई होने वाले पानी की किल्लत का सामना नहीं करना पड़ेगा। नगर पालिका को भी अब पानी सप्लाई में मदद मिलेगी।

### बीज खरीदने के लिए उमड़ी किसानों की भीड़



मंगलवार रात बारिश होने के बाद खरीफ मौसम की फसल को लेकर बीज खरीदने के लिए दुकानों पर किसानों की भीड़ उमड़ गई है। किसान धान और मक्के का बीज खरीद रहे हैं। जानकार बताते हैं कि खरीफ मौसम की धान प्रमुख फसल मानी जाती है, लेकिन किसानों को धान की तुलना में मक्का की खेती ज्यादा फायदेमंद लग रही है। यही कारण है कि कई किसान मक्का का बीज ज्यादा खरीद रहे है। कृषि क्षेत्र के जानकार बताते हैं कि धान की फसल के लिए पानी की ज्यादा जरूरत होती है और मक्के की फसल के लिए उसकी तुलना में कम पानी की जरूरत होती है। यही कारण है कि किसान धान की जगह मक्के की खेती की ओर ज्यादा आकर्षित हो रहे हैं। यही भी बताया जाता है कि औसत उपज के मामले में मक्का प्रति हेक्टेयर 50 से 55 क्विंटल होती है वहीं धान की उपज प्रति हेक्टेयर 35 से 40 क्विंटल होती है। मक्का में कीट का प्रकोप कम होता है और कीट प्रबंधन की लागत कम हो जाती है। जिले में भी पिछले कई सालों से मक्के की उपज अच्छी हो रही है और कृषि उपज मंडी में सीजन के दौरान मक्का की आवक भी बहुत होती है। किसानों को मक्के की खेती फायदेमंद साबित हो रही है।

### आगमन की तैयारी को लेकर नपा में हुई बैठक

## सीएम नाका नंबर 1 से ताप्ती उद्गम स्थल तक करेंगे रोड शो



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

14 जून को प्रस्तावित मुख्यमंत्री मोहन यादव के नगर आगमन की तैयारियां अंतिम चरण में है। बुधवार को प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर नगर पालिका सभाकक्ष में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री के आगमन की लेकर रूपरेखा बनाई गई। इस बैठक में मुलताई, अमला, शाहपुर के विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष और जिले के अनेक नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री नाका नंबर एक से ताप्ती उद्गम तक रोड शो करेंगे। इसके उपरांत ताप्ती उद्गम स्थल पहुंच कर ताप्ती मंदिर में पूजा के उपरांत ताप्ती घाट पर जलाभिषेक एवं श्रमदान में भाग लेंगे।

#### एसडीएम ने लिया सभा स्थल का जायजा

उत्कर्ष विद्यालय मिनी स्टेडियम पर मुख्यमंत्री की आम सभा के लिए स्टेज बनाया जा रहा है। बीती रात पानी आने से जमीन गीली होने से कार्यक्रम को लेकर चिंताएं होने लगी थी। एसडीएम तृप्ति पटैरया, लोक निर्माण एसडीओ राजेश राय सहित आला अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया और बनाया जा रहे स्टेज को लेकर सुझाव दिए।

#### बस स्टैंड से नाका नंबर एक तक मुख्य मार्ग से हटा अतिक्रमण

मुख्यमंत्री के नगर आगमन को देखते हुए नगर पालिका राजस्व निरीक्षक जीआर देशमुख के नेतृत्व में नगर पालिका के अमले ने नाका नंबर एक, बाबा साहब आंबेडकर चौक, आग्ल स्कूल, ब्लॉक शिक्षा कार्यालय के सामने ,जय स्तंभ चौक थाना परिसर के समक्ष एवं नाका नंबर एक का अतिक्रमण हटाकर मुख्य मार्ग को पूरी तरह से साफ कर दिया गया है। 17 दुकानों के सामने लगी दुकानों को भी पूरी तरह से हटा दिया गया है।

## हाईवे पर फिर हादसा, एक की मौत महिला समेत दो गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भोपाल-नागपुर नेशनल हाईवे पर मंगलवार को फिर एक हादसा हो गया। इसमें एक बाइक सवार की मौत हो गई। जबकि एक महिला समेत 2 लोग घायल हैं। इससे पूर्व सोमवार रात्रि में एक बाइक सवार वैन से टकरा गया था। इस हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल है। जानकारी के अनुसार ग्राम एनस निवासी हरिराम मालवीय (57), पत्नी उमाबाई (50) के साथ ग्राम बानूर में आयोजित टीका कार्यक्रम में गए थे। मंगलवार शाम को कार्यक्रम में शामिल होकर वे बाइक से घर लौट रहे थे। शाम 5 बजे हाईवे पर उभरिया और एनस जोड़ के बीच रांग साइड से बाइक लेकर आ रहे सुखलाल उईके (35) निवासी ग्राम उभारिया की बाइक से भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में हरिराम, उमाबाई और सुखलाल घायल हो गए।

#### एंबुलेंस से लाया गया अस्पताल

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची 108 एम्बुलेंस के पायलट अजाब साहू और ईएमटी मनोज साबले ने तीनों घायलों को उपचार के लिए मुलताई अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने हरिराम मालवीय को मृत घोषित कर दिया। सुखलाल और उमा बाई को हाथ में चोट आने पर बैतूल रेफर किया गया है।

#### मारुति वैन से टकराया बाइक सवार, गंभीर रूप से हुआ घायल

मुलताई नगर के समीप नेशनल हाईवे 47 पर हवेली रेस्टोरेंट के पास बीती रात एक बाइक सवार युवक मारुति वैन से जा टकराया। जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे डायल हंड्रेड के माध्यम से मुलताई नगर के सरकारी अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया। जहां पर उसका उपचार किया गया।

## शोभापुर कॉलोनी के भुजरिया घाट को किया गया साफ



**सारनी।** नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए बुधवार को श्रमदानियों के साथ सुबह 8 बजे से शोभापुर कॉलोनी के वार्ड 32 स्थित भुजरिया घाट की सफाई की। यहां श्रमदान से हुई सफाई के दौरान तीन ट्राली से अधिक जलकुंभी निकाली गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर पालिका द्वारा जलस्त्रोतों के संवर्धन एवं पुनर्जीवन के लिए सतत अभियान चलाया जा रहा है। नाले एवं भुजरिया घाट की सफाई की श्रमदान के माध्यम से की गई। इसमें नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारियों के अलावा आम नागरिकों ने भी हिस्से दारी की। वार्ड 32 के पार्षद आनंद पिंटिश नागले, उपयंत्री रविंद्र वराठे,कमलेश पटेल,केएल सोनारे, महेश शर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित थे। नोडल अधिकारी कमलेश पटेल ने बताया कि अभियान के तहत गुरुवार 13 जून को प्रातः 8 बजे से मठारदेव बाबा मंदिर स्थित बरसाती झरने की श्रमदान के माध्यम से सफाई की जाएगी।

## बंद शोभापुर खदान के कन्वेयर बेल्ट के आसपास से हो रहा कोयला चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा के माध्यम से पीके वन,पीके टू खदान बंद होने एवं शोभापुर खदान से कन्वेयर बेल्ट के माध्यम से सीएचपी को जाने वाला कोयला जिस भूमि से जाता था वहां से कन्वेयर बेल्ट हटा ली दी गई है लेकिन उसे स्थान पर गड्ढा खोदकर कोयला चोरी किए जाने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। इससे भी आश्चर्य की बात तो यह है कि यह क्षेत्र मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी का है और



यहां कोई आवागमन नहीं होता उसके बाद नगर पालिका परिषद सारनी के जेसीबी लगाकर साफ सफाई करने के अलावा कुछ स्थानों पर गड्ढा भी खोदने का काम किया गया है जिसकी वजह से कोयला चोरी करने वाले लोगों को बड़ी सहूलियत होना बताया जा रहा है।

#### साफ सफाई के कार्य के लिए है नगर पालिका की जेसीबी

नगर पालिका परिषद सारनी के माध्यम से जेसीबी मशीन खरीदी गई ताकि उनके ट्रेचिंग ग्राउंड में आने वाले कचरे का समतलीकरण किया जा सके एवं बारिश के मौसम में जो छोटे बड़े नल हैं इसकी साफ सफाई की जा सके लेकिन नगर पालिका के जेसीबी मशीन से महाराणा प्रताप वार्ड क्रमांक 17 के बंद हो चुके पीके वन, पीके टू खदान के बीच मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के माध्यम से बिछाए गए कन्वेयर बेल्ट के इर्द-गिर्द साफ सफाई करने का कार्य किया गया है। कन्वेयर बेल्ट के दोनों तरफ मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के माध्यम से दीवार का निर्माण किया गया है और दीवाल के समीप से जेसीबी मशीन लगाकर गड्ढा खोदने का कार्य किया गया है।

#### इनका कहना है

बंद हो चुकी पीके वन पीके टू खदान के बीच से यदि कोयला जा रहा होगा तो रात्रि पेट्रोलिंग करके ट्रैक्टर ट्राली को जब्त करने का कार्य किया जाएगा

**अशोक डोंगरे प्रभारी सुरक्षा अधिकारी डब्ल्यूसीएल पाथाखेड़ा**

नगर पालिका की जेसीबी मशीन साफ सफाई के लिए है यदि वेकोलि क्षेत्र में जाकर कन्वेयर बेल्ट के आसपास खुदाई करने का कार्य किया होगा तो इस मामले में संबंधित जेसीबी ड्राइवर से स्पष्टीकरण लेने का कार्य किया जाएगा यदि कार्य में लापरवाही पाई गई तो उन्हें निलंबित भी किया जाएगा

**सीके मेश्राम मुख्य नगर पालिका अधिकारी सारनी**

## साफ-सफाई कर दिया जल संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

विश्व पर्यावरण दिवस से प्रारंभ जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनोंद्धार के लिए 16 जून तक चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बुधवार को बैतूल ब्लॉक की सभी ग्राम पंचायतों में कूप एवं बावड़ी की साफ-सफाई का कार्य किया गया। जल संवर्धन के कार्यों में श्रमिकों का नियोजन किया गया। इसके अलावा अभियान अंतर्गत निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कर ग्रामीणों के द्वारा सहभागिता दर्ज की गई। अभियान को सफल बनाने में समस्त सरपंच, पंचगण, उपयंत्री, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक का विशेष सहयोग रहा।

#### 16 जून तक चलेगा अभियान





जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनपद पंचायत बैतूल की समस्त 77 ग्राम पंचायतों में जल स्रोत तथा नदी, तालाबों, कुओं, बावड़ी तथा अन्य जल स्रोतों एवं संरचनाओं का पुर्नजीवन कराए जाने हेतु ग्राम पंचायतों द्वारा एक जल संरचना (तालाबः अमृत सरोवर) का चयन कर संरचना की साफ-सफाई, जीर्णोद्धार का कार्य एवं जल संरचनाओं को सुरक्षित रखने हेतु कार्यों में श्रमिक नियोजन किया गया है। जिसमें क्षेत्रीय ग्राम के गणमान्य एवं वरिष्ठ नागरिक, ग्राम वासियों, सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, मोबिलाईजर, छात्र-छात्राओं द्वारा श्रमदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान भूमिगत जल स्तर को बढ़ाने, जल को दूषित होने से बचाने एवं दुरुपयोग पर भी चर्चा की गई है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन के निर्देश पर जिले के सभी विकासखंडों में तालाब, बावड़ी गहरीकरण, नदी, नालों की सफाई, ऐतिहासिक एवं पारंपरिक जल संरचनाओं के संरक्षण, पुनर्जीवन के लिए जिले में आगामी 16 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के माध्यम से जनमानस को जल संवर्धन और संरक्षण के लिये प्रेरित किया जा रहा है।

## शासकीय एकलव्य महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में अब 20 जून तक दिए जाएंगे प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शासकीय एकलव्य महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बैतूल में संचालित 10 ट्रेडो में प्रवेश की प्रक्रिया हेतु पंजीयन की तिथि बढ़ाई गई है। इच्छुक आवेदक अब आगामी 20 जून तक की समयावधि में पोर्टल पद पर पंजीयन एवं च्वाइस फीलिंग करा सकेंगे। प्रथम चयन सूची 28 जून को जारी की जाएगी एवं 01 जुलाई 2024 से प्रवेश दिया जाएगा।

संस्था प्राचार्य रेवाशंकर पंडाग्रे ने बताया कि संस्था में संचालित इलेक्ट्रीशियन (एनसीवीटी), इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक (एनसीवीटी), और इन्फार्मेशन कम्युनिकेशन एण्ड सिस्टम मेंटेनेंस (एनसीवीटी), मैकेनिक कंप्यूटर हार्डवेयर (एससीवीटी) दो वर्षीय पाठ्यक्रम है। स्वींइग टेक्नोलॉजी (एनसीवीटी) ऑफिस असिस्टेन्ट कम्प्यूटर ऑपरेटर (एससीवीटी) फ्लोरीकल्चर एण्ड लेण्ड स्केपिंग (एनसीवीटी), स्टेनो अंग्रेजी (एनसीवीटी), स्टेनो हिन्दी (एनसीवीटी) एवं कोपा (एनसीवीटी) एक वर्षीय पाठ्यक्रम है। इन व्यवसायों में से स्वींइग टेक्नोलॉजी (एनसीवीटी) हेतु योग्यता आठवीं उत्तीर्ण है। शेष सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

संस्था प्राचार्य श्री पंडाग्रे ने बताया कि इन सभी ट्रेडो में कुल 324 सीटे उपलब्ध है। अंग्रेजी माध्यम या अंग्रेजी में अच्छी पकड़ रखने वाली छात्राओं के लिये स्टेनो अंग्रेजी ट्रेड एक रोजगार परक अवसर है। यह संस्था मध्यप्रदेश शासन की एकलव्य योजना अंतर्गत संचालित है, जिसमें सभी वर्ग की छात्राओं को प्रवेश की पात्रता है। विशेष रूप से अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं के लिये 50 प्रतिशत सीटें आरक्षित है एवं इस वर्ग की छात्राओं को एक हजार रुपये प्रतिमाह छात्रवृत्ति एवं भोजन सहित छात्रावास की सुविधा भी उपलब्ध है।

## जिला स्रोत समन्वयक जितेंद्र भनारिया ने संभाला बैतूल डीपीसी का पदभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई शुरुआत करते हुए, जिला स्रोत समन्वयक जितेंद्र भनारिया ने बुधवार 12 जून को डीपीसी का पदभार संभाला। इस अवसर पर शिक्षक और कर्मचारियों ने उनका पुष्पगुच्छ देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। श्री भनारिया ने अपने संबोधन में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने और छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। स्वागत समारोह में राजकुमार राठौर, रवि सरनेकर, राजेंद्र कटारे, धनराज पाटील, संतोष मरस्कोले, गोकुल झरबडे, रवि अतुलकर, गुणवंत खातरकर, और छिंदवाड़ा से आए अरविंद भट्ट शामिल थे। सभी ने पुष्पगुच्छ देकर डीपीसी का स्वागत किया और उनके नए कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। डीपीसी ने अपने स्वागत में सभी उपस्थित शिक्षकों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वह बैतूल जिले की शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ और प्रभावी बनाने के लिए तत्पर हैं। उन्होंने शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता भी व्यक्त की, ताकि शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ जा सके।


## बाइक को लेकर विवाद, बेटे ने किया पिता पर हमला

**बैतूल।** एक शराबी पुत्र ने पहले अपने पिता से विवाद किया और उसके बाद पिता की बेरहमी से पिटाई कर दी। घायल पिता को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छन्बू उड़के उम्र 65 वर्ष निवासी ग्राम चिरापाटला थाना चिचोली का मंगलवार रात अपने बेटे महेश उइके से विवाद हो गया और विवाद में बेटे ने शराब के नशे में अपने पिता के साथ विवाद करते हुए मारपीट कर दी और अपने पिता पर पत्थर से हमला कर दिया, इस मारपीट में बुजुर्ग को गंभीर चोट आई है। घायल बुजुर्ग छन्नू ने जानकारी देते हुए बताया है कि उसका बेटा महेश एक महीने पहले मेरी मोटरसाइकिल लेकर कहीं चला गया था, जो कल घर वापस आया। मैंने उसे कहा कि तू एक महीने से कहां था किस से पूछकर मेरा वाहन लेकर गया था।

### ताप्ती प्रवाह क्षेत्र के विकास के लिए संभावनाएं बढ़ी

# क्या ताप्ती लोक की घोषणा लेने जा रही है आकार?





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

पवित्र नगरी मुलताई से निकलकर मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात तीन प्रदेशों को सींचकर सुख समृद्धि का वरदान देने वाली ताप्ती नदी जिसे सृष्टि की प्रथम नदी आदि गंगा भी कहा जाता है का अपना धार्मिक एवं पौराणिक महत्व रहा है। किंतु यह धार्मिक पौराणिक महत्व आस्था से जुड़े लोगों तक ही सीमित रहा। राजनीति एवं प्रशासनिक रूप से ताप्ती उद्गम स्थल को संवारने और संजोने के प्रयास कभी नहीं हुए और न ही ताप्ती प्रवाह क्षेत्र के विकास के प्रयास हुए।

#### ताप्ती लोक पहली प्राथमिकता

भाजपा नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गडेकर मुख्यमंत्री के नगर आगमन को लेकर उत्साहित है। उन्होंने चर्चा में बताया कि हमारी पहली प्राथमिकता पूर्व मुख्यमंत्री की मुलताई लोक की घोषणा का क्रियान्वयन और शुभारंभ करना है। सभी परिषद एवं पार्षद गण मुख्यमंत्री से आग्रह करेंगे।

#### जिले में ताप्ती के ढाई सौ किलोमीटर सफर को बनाया जा सकता है वरदान

ताप्ती अपने उद्गम स्थल मुलताई से निकलकर 724 किलोमीटर का सफर तय कर खंभात की खाड़ी अरब सागर में समा आती है। ताप्ती नदी पूरब से पश्चिम की ओर बहने वाली नर्मदा के बाद देश की दूसरी लंबी नदी है। जिसके तट पर अनेक तीर्थ स्थित है। ताप्ती की विशेषता यह है कि यह बैतूल जिले में अपना ढाई सौ किलोमीटर का सफर तय करती है। इसके जल को संग्रहित और संवर्धन कर न सिर्फ जिले के लिए वरदान बनाया जा सकता है बल्कि ताप्ती के तट पर स्थित ग्राम साडिया, डोहलन, पंचधार, श्रवण तीर्थ, च्छींदखेड़ा को ताप्ती पथ से जोड़कर सुंदर धार्मिक पर्यटन स्थल बनाया जा सकता है और यह सभी ग्रामों में कभी भव्य मंदिर होने के अवशेष आज भी दिखाई देते हैं अनेक स्थानों को मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग ने इन प्राचीन मंदिरों के अवशेषों को संग्रहित क्षेत्र घोषित किया है।

**कार्यालय नगर परिषद घोडाडोंगरी, जिला बैतूल (म.प्र.)**

क्रमांक /849/लो.नि.शा./2024 — **प्रथम निविदा-सूचना** — घोडाडोंगरी,दिनांक 11/06/2024

निकाय सीमा क्षेत्रांतर्गत निम्नानुसार कार्य हेतु www.mptenders.gov.in पर निविदा आमांत्रित की गई है। जिस पर दिनांक 12.06.2024 से 15.07.2024 तक निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है। निविदा सम्बंधी सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट पर देखा जा सकता है। निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन की स्थिति में संशोधन का प्रकाशन केवल www.mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, समाचार पत्र में किसी भी प्रकार की कोई विज्ञप्ति नहीं दी जावेगी।

| ऑनलाईन निविदा क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र की कीमत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| 2024_UAD_350089_1 | नगर परिषद घोडाडोंगरी अंतर्गत अमृत 2.0 अन्तर्गत जलप्रदाय योजना। | 593.22 लाख | 296610.00 | लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार | 18 माह | 20000.00 |


**मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद घोडाडोंगरी**

## ब्रिगेडियर अमित चटर्जी ने किया छावनी परिषद कार्य का लोकार्पण

# सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी में खूबसूरती से हो रहा विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी

छावनी परिषद पचमढ़ी में जनता से जुड़े विकास कार्यों में लगी हुई है। नए विकास कार्यों के लोकार्पण जिसमें अटल बिहारी वाजपेई सांस्कृतिक केंद्र नवीनीकृत भवन ,छावनी परिषद मुख्य बाजार दुकान, छावनी परिषद व्यायाम शाला, छावनी परिषद पार्किंग पटेल मार्ग का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर अमित चटर्जी रहे। कार्यक्रम में छावनी परिषद उपाध्यक्ष गोपाल दास काबरा,पार्षदों मे से संजय लड़वानी,हुज़ेफा हकीमुद्दीन बोहरा, प्रशांत सिहोते, लक्ष्मी राय, सरिता सल्लाम मौजूद रहीं।



### सुरक्षित पार्किंग के लिए हुई व्यवस्था

पचमढ़ी मे देश भर से पर्यटक भ्रमण के लिए आते हैं। छपनी क्षेत्र में होटल होने के कारण पार्किंग की समस्या बनी रहती थी जिसे देखते हुए छावनी परिषद ने पटेल मार्ग पर पार्किंग स्थल का नवीनीकरण किया साथ ही पार्किंग स्थल में शौचालय की व्यवस्था भी बनाई है।



### आधुनिक मशीनों से लैस व्यायाम शाला

पचमढ़ी में युवाओं की मांग को देखते हुए अत्याधुनिक मशीनों के साथ व्यायाम साला को बनाया गया है। व्यायाम शाला में इंक्लाइंड एवं डिकलाइन बेंच प्रेस, शोल्डर प्रेस, लेग प्रेस, डंबल सेट, साइकिलिंग एवं कार्डियो से जुड़ी मशीनों को शामिल किया गया है।

### छावनी परिषद मुख्य बाजार की 18 दुकाने

पचमढ़ी के मुख्य बाजार को और सुंदर बनाने की नीयत से छावनी परिषद की 18 दुकानों को पूरी तरह रिनोवेट किया गया है। पूर्व में दुकान तीन की बनी हुई थी एवं सभी दुकानों में तीन से चार फीट की दीवार थी। वर्तमान में दुकानों को पूरी तरह सुंदर एवं नए तरीके से बनाया गया है। अब दुकाने पहले के मुकाबले और सुंदर लग रही हैं जिससे पचमढ़ी मुख्य बाजार की खूबसूरती में चार चांद लग गए हैं।

### लोकार्पण के विपरीत छावनी परिषद स्कूल की क्षमता बढ़ाने को लेकर जनता काफी समय से कर रही है मांग

विकास कार्यों के लोकार्पण से दुकान व्यायाम शाला पार्किंग इत्यादि से जुड़े लोग तो खुश हैं वही उसके विपरीत वह अभिभावक अभी भी दुखी हैं जो अपने बच्चों के एडमिशन के लिए स्कूल दर स्कूल भटक रहे हैं। छावनी परिषद में जो स्कूल संचालित किया जा रहा है उसमें केवल एक सेक्शन है जिस कारण से स्कूल में ज्यादा बच्चे नहीं पढ़ पाते हैं। हाल ही में छावनी परिषद ने न्यायालय से अरविंद कुमार नितिन कुमार विद्यालय जो की छावनी परिषद की भूमि पर था उसका स्वामित्व अपने पास हासिल किया है। कवायत लगाई जा रही थी की छावनी परिषद प्राइमरी विद्यालय अरविंद कुमार नितिन कुमार की जगह पर खोला जाएगा और मौजूदा विद्यालय को सेकेंडरी कक्षाओं में परिवर्तन किया जाएगा। ऐसा करने से प्राइमरी एवं सेकेंडरी दोनों ही वर्गों में दो सेक्शन चलाए जा सकते थे जिससे कि ज्यादा विद्यार्थी शिक्षा लाभ ले सकें। हालांकि ऐसा होता नहीं दिख रहा है इस विषय में लगातार छावनी परिषद मुख्य अधिशासी अधिकारी एन रमेश से संवाद की कोशिश की गई लेकिन पूर्व की भांति वह पत्रकारों का फोन नहीं उठाते हैं। इस विषय पर छावनी परिषद उपाध्यक्ष गोपाल दास एवं पार्षद प्रशांत सीहोते द्वारा सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए आश्वासन दिलाया गया है कि आने वाले समय में ऐसा जरूर किया जाएगा।

---

## नगर निरीक्षक के साथ बैठक में सराफा बाजार के व्यापारियों ने दिया आश्वासन

# अब तीसरी आंख की कैद में होंगी सराफा बाजार की मुख्य सड़कें

नगर के सराफा बाजार में चोरी की घटनाओ को रोकने अब मुख्य मार्गो पर सीसीटीवी कैमरे आगामी तीन दिनों में लगाए जायगे। जिससे चोरी की घटनाओं पर अंकुश लग सकेगा। विदित हो अभी कुछ दिन पूर्व ही सराफा बाजार में लाखों के सोना और नगदी की चोरी हुई थी। सराफा बाजार में दुकानों में तो कैमरे लगे हैं, लेकिन मुख्य मार्गो पर कैमरे की जरूरत है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

सीसीटीवी कैमरो की सहायता से सराफा बाजार में दुकानों की हिफाजत तो हो रही थी लेकिन सड़कों पर होने वाली गतिविधि और चोरी की घटनाओं को रोकने अब मुख्य मार्गो



पर भी सीसीटीवी कैमरे लगेंगे। दरअसल सराफा बाजार में पिछले दिनों हुई चोरी की घटना के बाद पुलिस ने यहां के व्यापारियों के साथ एक मीटिंग करके मुख्य मार्गों और गलियों में कैमरे लगाने के लिए व्यापारियों को राजी किया। व्यापारियों ने अगले तीन दिन में कैमरे लगवाने को आश्वस्त किया है। उल्लेखनीय है कि इसी पिछले सप्ताह सराफा बाजार में पांचवी लाइन स्थित एक दुकान में करीब दस लाख के सोने के जेवर और 52 हजार की नगदी चोरी हुई थी। पुलिस ने मामले में आरोपियों को तो चौबीस घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन इस घटना के बाद सराफा बाजार में मुख्य मार्गों और गलियों में कैमरों की जरूरत महसूस की गई।

### बैठक में हुई थी चर्चा

सराफा में कई दुकानदारों ने चौकीदार रखे हैं, लेकिन वे केवल उसी दुकान के बाहर ड्यूटी करते हैं, जहां उनको काम दिया है। शेष जगह से उनको लेना-देना नहीं होता है। टीआई गौरव सिंह बुंदेला ने सराफा व्यापारियों की मीटिंग लेकर सराफा से निकलने वाली प्रमुख गलियों और मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के संबंध में चर्चा कर समझाइश दी। व्यापारियों ने आगामी दो से तीन दिन में मुख्य मार्गों एवं गलियों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर सराफा व्यापारी रीतेश शर्मा, यज्ञदत्त गौर, संतोष सोनी, बेनीशंकर शर्मा, दिनेश गोठी सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

### सीसीटीवी कैमरों से मार्ग भी होंगे सुरक्षित

सराफा बाजार में मौजूद दुकानों में तो सीसीटीवी लगे हैं, लेकिन इन कैमरो से सड़कों और गलियों में होने वाली गतिविधि पर नजर नहीं रखी जा सकती है। ऐसे पिछले दिनों हुई चोरी की घटना और पुलिस की समझाईश के बाद सराफा व्यापारी सड़कों और गलियों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने मान गए हैं।

---

# क्षमता संवर्धन कार्यशाला का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आंचलखेड़ा

पीएम श्री शा उमा विद्यालय आंचलखेड़ा पीएम श्री योजना के अन्तर्गत शाला स्तरीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला एवं प्रशिक्षण का आयोजन किया कार्यशाला का शुभारंभ सरस्वती पूजन कर किया गया एवं छात्र छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत का प्रस्तुतीकरण किया गया। प्राचार्य जयश्री राय द्वारा शिक्षकों का स्वागत किया कार्यशाला में प्रतिभाशाली सम्मान कार्यक्रम एवं विद्यालय का संचालन के बारे में जानकारी दी गयी।

जिसमें संसाधनो का प्रयोग एवं 11 स्केल के बारे में जानकारी दी गयी। मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित कर प्रमाण पत्र दिए गए। प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को लैपटाप से लाभांवित होने की जानकारी दी गई। वहीं प्रशिक्षण कार्यशाला अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई। जिसमें नामांकन शत प्रतिशत बढ़ानना ,ड्रापआउट जीरो पर लाना, पीएम श्री स्कूल के स्तंभ,100 डेज प्लान के बारे मे जानकारी, पीटीएम का आयोजन करना, सब्जेक्ट वाइस लर्निंग कार्नर बनाना, टीईएम मटेरियल का उपयोग,थीम बेस्ट गार्डन तैयार करना',ग्रीन एन्ड क्लीन स्कूल बनाना, पीएचसी पीयर लर्निंग, कम्यूनिटी का आयोजन, एसआईसी स्कूल इनोवेशन कम्यूनिटी का गठन, एसयूटी स्कूल लीडरशिप टीम का गठन, साइंस और मेथ्स सर्किल बनाना साथ अन्य विषयों पर भी की गई कार्यशाला समापन के दौरान संस्था प्रभारी प्राचार्य जयश्री राय द्वारा सभी आभार माना।

### एसडीएम ने सोक पिट की साफ-सफाई का लिया जायजा

**इटारसी।** एसडीएम टी प्रतीक राव ने अधिकारियों के साथ ग्राम पाहनवर्री का दौरा कर बारिश पूर्व डूब क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम में पौधरोपण किया और सोकपिट की सफाई करायी। इटारसी अनुविभागीय अधिकारी टी प्रतीक राव, सीईओ जनपद पंचायत नर्मदापुरम हेमंत सूत्रकार एवं नायब तहसीलदार हीरू कुमरे ने पाहनवर्री में तवा प्रभावित डूब क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों को समझाईश दी कि यदि ग्राम में बाढ़ की सूचना दी जाती है तो शासन के निर्देशों का पालन करें एवं अस्थाई कैंप में जायें। वर्तमान में जल गंगा संवर्धन अभियान चल रहा है इसके अंतर्गत श्री राव ने स्कूल परिसर में बने लीच पिट की सफाई कराई और सरपंच सचिव को पूरे ग्राम में सफाई कराने के निर्देश दिये। उन्होंने शाला परिसर में पौधरोपण किया। भ्रमण के दौरान जनपद पंचायत से रामकुमार गौर, पुरुषोत्तम पटैल, पटवारी सीताराम पठारिया, सचिव कृष्ण कुमार यादव, ग्राम रोजगार सहायक दिलीप यादव, ग्राम से मंडल उपाध्यक्ष मोहन यादव, बृजमोहन यादव, चिमनलाल परते, देवेन्द्र चौधरी, अनिल कहार आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

---

# पारस उद्योग में घुसकर चोरों ने उड़ाए रुपए

### पेड़ पर चढ़कर खिड़की तोड़कर घुसे चोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

संयुक्त व्यापार महासंगठन के अध्यक्ष मुकेश कुमार जैन के पारस उद्योग में बीती रात चोरी हो गयी। चोर उनकी आटा मिल के साइड में मौजूद पेड़ पर चढ़कर ऊपर की खिड़की का कांच तोड़ा और मिल में प्रवेश किया। चोर ने गल्ले में रखे कुछ हजार रुपए चोरी किये, सामान नहीं चुराया। पारस उद्योग के संचालक मुकेश कुमार जैन ने बताया कि ऊपरी मंजिल की खिड़की का कांच तोड़ा और मिल में घुसकर चोर ने गल्ले में रखी चिल्लर और छोटे नोट सहित सात-आठ हजार रुपए ले गये हैं। मिल में रखे सामान को नहीं चुराया। उल्लेखनीय है कि पारस उद्योग में कुछ वर्षों पूर्व भी चोरी हुई थी। उस वक्त चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए थे। उस दौरान कई दुकानों के ताले तोड़े थे, जिनमें पुरानी इटारसी की दुकानें भी शामिल थीं। बुधवार को चोरी की सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया है। संचालक ने पुलिस में घटना की सूचना देकर एक आवेदन दिया है।

# मोदी की जीत का जश्न चाय वितरण के साथ हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनीमालवा

स्थानीय रामजी चौक रेंज आफिस के पास वार्ड क्रमांक 9 में वार्ड पार्षद ईश्वरदास जमींदार मित्र मंडल के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के केन्द्रीय मंत्री बनने सहित मध्य प्रदेश से 5 मंत्री बनाए जाने एवं नर्मदापुरम नरसिंहपुर के लोकप्रिय सांसद दर्शनसिंह चौधरी की जीत की खुशी पर सजग युवा मंडल के साथ निशुल्क मोदी चाय वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पार्षद सभापति ईश्वरदास जमींदार ने जानकारी देते हुए बताया कि देश में किस प्रकार से एक आम व्यक्ति ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में जनता जनार्दन का आशीर्वाद प्राप्त किया यह प्रजातंत्र है और भारतीय जनता पार्टी का जमीन पर काम करने का परिणाम है कि एक चाय बेचने वाला छोटे से छोटा व्यक्ति भी भाजपा की राष्ट्र प्रथम और संगठन की रिति नीति के अनुसार काम करने वाला कोई भी व्यक्ति देश और प्रदेश में बड़े से बड़े पद पर विराजमान हो सकता है यह हम सभी के लिए प्रेरणा है और जनता के इस विश्वास पर मोदी और अधिक मेहनत कर देश को विश्व गुरु बनाने की ओर अग्रसर रहेंगे।

# हमें कब तक पीना पड़ेगा गंदा पानी, पूछ रहे निवासी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

हमें कब तक पीना पड़ेगा गंदा पानी इस तरह के सवाल हाउसिंग बोर्ड के निवासी कर रहे हैं। यहां नलों से इतना गंदा पानी आ रहा है कि इस पानी का उपयोग पीने के लिए तो कम से काम नहीं किया जा सकता। वार्ड नंबर 3 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहने वाले लोगों को गंदा पानी पीना पड़ रहा है।

यहां नगर पालिका से सप्लाई होने वाले पेयजल में कीचड़ मिली हुई आ रही है। जिससे पीने का पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। दरअसल यहां पाइपलाइन सुधारने के लिए जगह-जगह गड्ढे किए गए थे। इन गड्ढे में गंदा पानी भर गया है और इसी से होकर पानी की सप्लाई हो रही है। जिससे गंदा पानी घरों तक पहुंच रहा है। यहां रहने वाले लोगों को पेयजल के लिए स्वयं के इंतजाम करना पड़ रहा है।

### सडकों पर चलना हो मुश्किल

हाउसिंग बोर्ड के पटेल भवन के पीछे वाले क्षेत्र में पेयजल समस्या के साथ ही गंदगी से भी परेशान होना पड़ रहा है। यहां नालियों की सफाई करने के बाद मलवा सड़कों पर छोड़ दिया गया है। जिससे सड़कों पर कीचड़ हो गई है। इससे हालात यह है कि लोग सड़कों पर फिसल रहे हैं और साथ ही पूरे क्षेत्र में गंदगी फैल गई है।

# भाजपा की जीत पर हुआ धार्मिक आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बांसखेड़ा के निवासी एवं भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता सतपाल पलिया के द्वारा शिवालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पुनः प्रधानमंत्री बनने पर तथा होशंगाबाद नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा के सांसद प्रत्याशी दर्शन सिंह चौधरी के विजय होने पर सतपाल पलिया के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के तमाम जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं के साथ भगवान भोलेनाथ का शिवालय में विशाल जलाभिषेक किया गया और वहां मंदिर में अभिषेक के पश्चात विशाल विधानसभा स्तरीय भंडारी का कार्यक्रम आयोजित किया गया इसमें पिपरिया विधानसभा के सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं निवासियों को आमंत्रण पत्र के साथ आमंत्रित किया गया जिसमें पिपरिया एवं बनखेड़ी विकासखंड के तमाम भाजपा के कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल, अर्जुनलाल पलिया, मनमोहन पलिया, महेंद्र सिंह जूदेव, नीत राज पटेल आदि मौजूद रहे।

---

## सीएम राइज प्राचार्य संजीव दुबे के नेतृत्व में आयोजन

# खेल प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

मध्य प्रदेश खेल युवा कल्याण एवं शिक्षा विभाग के द्वारा सीएम राइम्स स्कूल प्राचार्य संजीव दुबे के नेतृत्व में हैंडबॉल ताइक्वांडो का प्रशिक्षण शिविर एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र राज के नेतृत्व में भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर में निरीक्षण के लिए जिला शिक्षा अधिकारी वंदना रघुवंशी दीपक चंद्रोल विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीलाल रघुवंशी बी आर सी प्रदीप शर्मा एवं तमाम शिक्षकों के द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया गया राज्य स्तरीय कब के लिए चयनित पिपरिया अंदर की 17 बालिका टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए मुख्य अतिथि के द्वारा तकनीकी ज्ञान भी दिया गया सभी में अपने उद्बोधन में कहा कि खेल में सुधार के लिए मेहनत स्वयं करना पड़ती है खेल में निखार आता है खेलों के माध्यम से जीवन में अनुशासन



भी सीखने को मिलता है शिविर में खिलाड़ियों को नियमित प्रशिक्षण कोच सचिन पूर्णिया प्रीतम सिंह पुरवइया एवं तमाम अरविंद शर्मा खेल प्रभारी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में सभी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया।

### शांति समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेमरीहरचंद

नगर में ईद के त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें चौकी प्रभारी आकाशदीप द्वारा त्योहार को लेकर मुस्लिम त्योहार कमेटी से जानकारी लेकर आवश्यक सुझाव दिए गए। नगर में सुरक्षा की दृष्टि से व्यापारी संघ सदस्यों से भी प्रतिष्ठानो की सुरक्षा से संबंधित चर्चा की गई एवं नगर में पॉलिथीन की बढ़ते उपयोग को रोकने संबंधित चर्चा की गई। शांति समिति की बैठक में सेमरी हरचंद के सरपंच चेतन मीना दिनेश नामदेव नेमचंद कुशवाहा रामनाथ पटेल पाला देवरी के सरपंच प्रतिनिधि साहब सिंह पटेल जमुनिया सरपंच प्रेम शंकर एके विधायक प्रतिनिधि योगेश मालवी पुलिस चौकी प्रभारी आकाशदीप सहायक उप निरीक्षक नरेश रघुवंशी प्रधान आरक्षक प्रमोद पटेल आरक्षक अतुल शर्मा आदि उपस्थित थे।

### अड़ीबाजी के आरोपी गिरफ्तार, कोर्ट में पेश

**इटारसी।** पुलिस ने अड़ीबाजी के एक आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। आरोपी अमन पिता देवेन्द्र राजपूत 23 वर्ष को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसी तरह से पथरोटा पुलिस ने दुष्कर्म के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी राहुल पिता सुरेश वर्मा 34 वर्ष निवासी मालवीय कालोनी न्यूयार्ड भट्टी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

**नटराज बीज उत्पादक एवं क्रय विक्रय सहकारी समिति मर्या. काजलखेडी, जिला नर्मदापुरम**

**प्रथम सदस्य सूचना प्रकाशन की सूचना**

नटराज बीज उत्पादक एवं क्रय विक्रय सहकारी समिति मर्या. काजलखेड़ी, जिला नर्मदापुरम के समस्त सम्मानीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति के संचालक मण्डल के निर्वाचन हेतु दिनॉक 11.06.2024 को प्रथम सदस्य सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। प्रथम सदस्या सूची पर किसी भी सदस्य को काई आपत्ति हो तो दिनॉक 11.06.2024 से 18.06.2024 तक संस्था कार्यालय काजलखेडी पर संस्था प्रबंधक श्री दुर्गेश खण्डेलवाल को या रजिस्टीकरण अधिकारी को उपआयुक्त सहकारिता जिला नर्मदापुरम के कार्यालय पर लिखित में प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त आपत्तियों का निराकरण संस्था कार्यालय पर दिनॉक 19.06.2024 को प्रातः 11.30 बजे से किया जायेगा। निराकरण के समय सदस्य उपस्थित हो सकते है। सदस्य सूची संस्था कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है।

**रजिस्ट्रीकरण अधिकरी**
**नटराज बीज उत्पादक एवं क्रय विक्रय सहकारी समिति मर्याः कालजखेड़ी**

**कार्यालय ग्राम पंचायत आंचलखेड़ा, जनपद पंचायत माखन नगर**

क्रमांक /24/निविदा/ग्रा.पं./2024 आंचलखेड़ा,दिनांक 11/06/2024

**-:: पुर्न नीलामी ::-**

एतद् द्वारा सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद पंचायत माखन नगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत आचलखेड़ा में स्थित ग्राम पंचायत आंचलखेड़ा के स्वामित्व की पुरानी दुकाने यथास्थिति में 500/- प्रतिमाह प्रति दुकान, नीलामी ग्राम पंचायत आंचलखेड़ा द्वारा दिनांक 28.06.2024 को दोपहर 12.00 बजे दिन से जनपद पंचायत माखन नगर में की जावेगी।

सारणी

| क्र. | दुकान क्रमांक 01 से लेकर दुकान क्रमांक 11 तक | नीलामी की राशि (रूपये में) |
|---|---|---|
| 1. | दुकान क्रमाक-01 अजा वर्ग एवं दुकान क्रमांक 02,03,04,07,11 अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षित, शेष अनारक्षित | 100000/- |

अतः इच्छुक व्यक्ति से नीलामी की समस्त सामान्य शर्ते जो ग्राम पंचायत में सूचना पटल पर प्रदर्शित है स्वीकार हो निश्चित दिनांक, समय व स्थान पर उपस्थित होकर कर्यालय में बोली लगा सकते है।

**सचित/ सरपंच**
**ग्राम पंचायत आंचलखेड़ा**
**जनपद पंचायत माखन नगर**

पिकअप में विद्युत ट्रांसफार्मर और अन्य उपकरण लदे हुए थे

### इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर सड़क हादसा

# तेज रफ्तार कंटेनर ने पिकअप को मारी टक्कर, दो लोगों की हुई मौत

**ट्रक पलट गया और पिकअप वाहन पूरी तरह से चपटा हो गया**

**पिकअप वाहन में दोनों कर्मचारी के शव फंसे हुए थे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



बुधवार सुबह खंडवा के इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर एक भीषण हादसे में बिजली कंपनी के दो कर्मचारियों की मौत हो गई। हादसा तब हुआ जब एमपीईबी का एक पिकअप वाहन तेज रफ्तार कंटेनर ट्रक की चपेट में आ गया। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कंटेनर ट्रक पलटी खा गया और पिकअप वाहन पूरी तरह से चपटा हो गया। इस हादसे में मारे गए दोनों कर्मचारी बुरहानपुर के रहने वाले थे और एमपीईबी में कार्यरत थे।

घटना बुधवार सुबह करीब 11 बजे लिंगी फाटे के पास घटी। बोरगांव चौकी पुलिस के अनुसार, पिकअप वाहन में विद्युत ट्रांसफार्मर और अन्य उपकरण लदे हुए थे। दोनों मृतक कर्मचारियों की पहचान 42 वर्षीय युवराज पिता पुंडलिक भगत और 60 वर्षीय प्रभाकर पिता राजाराम महाजन के रूप में हुई है। ये दोनों बुरहानपुर से बोरगांव (खंडवा) की तरफ आ रहे थे, जब यह हादसा हुआ। हादसे के बाद घटनास्थल पर स्थिति काफी भयावह थी। पिकअप वाहन में दोनों मृतक कर्मचारी फंसे हुए थे, जिन्हें निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों शवों को बाहर निकाला गया।

हादसे के बाद हाईवे पर यातायात बाधित हो गया था, जिसे नियंत्रित करने में भी पुलिस को काफी मेहनत करनी पड़ी। हादसे के बाद कंटेनर ट्रक का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में यह पाया गया है कि कंटेनर ट्रक की तेज रफ्तार के कारण यह दुर्घटना हुई। पुलिस ने कंटेनर ट्रक को जब्त कर लिया है और ड्राइवर की तलाश जारी है। युवराज पिता पुंडलिक भगत बुरहानपुर के लोधीपुरा के निवासी थे। वे 42 वर्ष के थे और एमपीईबी में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे। वहीं, 60 वर्षीय प्रभाकर पिता राजाराम महाजन बुरहानपुर के विरोदा के निवासी थे। वे भी एमपीईबी में एक अनुभवी कर्मचारी थे। उनके निधन से परिवार और सहकर्मियों में शोक की लहर है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और एमपीईबी के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का जायजा लिया और दुर्घटना की जांच के आदेश दिए।

एमपीईबी के अधिकारियों ने मृतक कर्मचारियों के परिवारों को मदद और संबल बांधा । साथ ही, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। हादसे के बाद हाईवे पर यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया था।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात को सुचारू रूप से चालू करने के प्रयास किए। कंटेनर ट्रक के पलट जाने से हाईवे पर दोनों ओर लंबा जाम लग गया था, जिसे हटाने में पुलिस और स्थानीय प्रशासन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## स्कूल चलें हम अभियान 18 जून से होगा प्रारंभ

**हरदा।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद स्कूलों का शैक्षणिक सत्र 2024-25 आगामी 18 जून से प्रारंभ किया जा रहा है। जिला परियोजना समन्वयक कुम्भारे ने बताया कि आगामी 18 जून को स्कूलों में आयोजित कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों एवं शाला के पूर्व विद्यार्थियों को आमंत्रित किया जाएगा एवं शालाओं में विद्यार्थियों को विशेष भोज वितरित किया जाएगा। स्कूल चले हम अभियान के तहत शाला त्यागी बच्चों का चिन्हांकन कर उनको शिक्षा की मुख्य धारा में लाने के लिये बच्चों का पंजीयन स्कूलों में किया जाएगा। इसके बाद आगामी 19 जून को सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में शिक्षक-अभिभावक बैठक का आयोजन किया जाएगा एवं विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण किया जाएगा।



## जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले के विरोध में विहिप ने किया पुतला दहन, नारेबाजी भी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले के विरोध में बुधवार को विश्व हिन्दु परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता, पदाधिकारी, सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किया। कमल तिराहे पर सुबह 11.30 बजे विश्व हिन्दु परिषद, बजरंग दल कार्यकर्ता पहुंचे और आतंकवाद का पुतला फूंका। पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। इस दौरान विश्व हिन्दु परिषद, बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने कहा बस पर आतंकी हमला एक कायराना हरकत है। इससे पूरा देश आहत है। जम्मू कश्मीर लंबे समय से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा है। धारा 370 हटने के बाद एक आशा का ज्योत जगी, लेकिन उग्रवादियों का मनोबल भी भी कम नहीं हुआ है। बजरंग दल ने मांग की है कि सरकार इस प्रकार की गतिविधियों पर पूरी तरह नियंत्रण करने के लिए निर्णायक और ठोस कदम उठाए। रवि सालुंके बजरंग दल जिला संयोजक सहित अन्य कार्यकर्ता, पदाधिकारियों ने घटना पर रोष जताया।

## 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट बैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मत्स्योद्योग नियम 1972 की धारा 3 के तहत प्रत्येक वर्ष 16 जून से 15 अगस्त की अवधि को बंद ऋतु घोषित किया जाता है।

इसी क्रम में कलेक्टर आदित्य सिंह ने हरदा जिले में मत्स्याखेट पर 16 जून से आगामी 15 अगस्त तक के लिये प्रतिबंध लगा दिया है। जारी आदेश अनुसार छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं है और जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाष अंतर्गत नहीं लाया गया है, को छोड़कर सभी नदियों व जलाशयों में बंद ऋतु में मत्स्याखेट पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। प्रतिबंध का उल्लंघन करते हुए मत्स्याखेट अथवा मत्स्य परिवहन अथवा मत्स्य के क्रय विक्रय करने पर एक वर्ष का कारावास या अधिकतम 5 हजार रूपये का जुर्माना अथवा दोनों से दंडित किया जा सकता है। इस अवधि में किसी प्रकार मत्स्याखेट अथवा मत्स्य परिवहन अथवा मत्स्य के क्रय विक्रय आदि कार्य न तो स्वयं करें और न ही इन कार्यों में सहयोग दें अन्यथा उल्लंघनकर्ता के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

**समय सीमा की बैठक में की गई समीक्षा**

## कलेक्टर के अफसरों को निर्देश खुले बोरवेल, कुएं बंद कराएं




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

खुले बोरवेल, कुएं के कारण बाहरी जिलों में अकसर हादसे होने की जानाकरी सामने आती है। इसलिए इसे लेकर स्थानीय जिला प्रशासन ने गंभीरता दिखाई है। बुधवार को कलेक्ट्रेट में हुई समय सीमा की बैठक में कलेक्टर भव्या मित्तल ने खुले बोरवेल को लेकर चिंता जताई और अफसरों को ताकीद की कि जहां जहां भी बोरवेल, कुए खुले हैं उन्हें व्यवस्थित तरीके से बंद कराया जाए। प्रेजेंटेशन के माध्यम से पता चला सबसे अधिक खुले कुए नावरा क्षेत्र में हैं। अब तक प्रशासन ने निंबोला में 1, नेपानगर में 18 बोरवेल बंद कराए हैं। जबकि नावर में 1 और शाहपुर में 3 बोरवेल बंद कराए हैं। वहीं नावरा क्षेत्र में 89 कुए खुले थे। इसमें से 10 बंद कराए गए हैं। निंबोला दो कुए बंद कराए। नेपानगर में 6 कुए बंद कराए गए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सृष्टि देशमुख सहित अन्य विभागों के अफसर मौजूद थे।

कलेक्टर के जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में निर्देश

## बैरागढ़ विस्फोट दुर्घटना में प्रभावित परिवारों की हर संभव मदद करें, समस्याएं सुलझाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

गत फरवरी माह में बैरागढ़ की पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट से प्रभावित परिवारों की हर संभव मदद की जाए। अधिकारी इन परिवारों के लिये आईटीआई में बनाये गये राहत शिविर में सप्ताह में दो बार जाकर उनकी समस्याएं सुनें और समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कराएं। यह निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में उपस्थित अधिकारियों को दिये। बैठक में अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा के अलावा एसडीएम कुमार शानु देवड़िया, एसडीओपी अर्चना शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, महिला बाल विकास अधिकारी, रोजगार अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, श्रम अधिकारी भी मौजूद थे।कलेक्टर सिंह ने बैठक में लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी को निर्देश दिये कि विस्फोट स्थल के आसपास बेरिकेटिंग की बेहतर व्यवस्था करें ताकि कोई भी व्यक्ति अनावश्यक विस्फोट प्रभावित क्षेत्र में न जा सकें। उन्होने बैरागढ़ क्षेत्र में पुलिस की नियमित गश्त की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिये। उन्होने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आईटीआई में निवासरत परिवारों का स्वास्थ्य परीक्षण व टीकाकरण के लिये नियमित रूप से शिविर आयोजित करने के लिये कहा। कलेक्टर सिंह ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को राहत शिविर में निवासरत गर्भवती महिला की प्रसव पूर्व जांच नियमित रूप से कराने तथा उसके प्रसव के लिये प्राइवेट या सरकारी अस्पताल में बेहतर इंतजाम कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिये कि शहरी आजीविका मिशन के माध्यम से पीड़ति परिवारों के स्वरोजगार के लिये प्रकरण बनायें और उन्हें आर्थिक मदद दिलाएं ताकि ये परिवार आत्मनिर्भर हो सकें।

## फुलड़ी में कलेक्टर, सीईओ व जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया श्रमदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत हरदा जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में जल संग्रहण व संवर्धन के कार्य लगातार जारी है। इसी क्रम में बुधवार सुबह ग्राम फुलड़ी में अजनाल से नदी से गाद निकालने का कार्य किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, कलेक्टर आदित्य सिंह व सीईओ जिला पंचायत रोहित सिसोनिया ने स्थानीय ग्रामीण जनों और पंचायत पदाधिकारियों के साथ नदी से गाद निकालने के लिये श्रमदान किया। इस अवसर पर एसडीएम टिमरनी महेश बड़ोले भी मौजूद थे।कलेक्टर ने इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष और सीईओ जिला पंचायत के साथ ग्राम फुलड़ी में पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत टिमरनी की मुख्य कार्यपालन अधिकारी चेतना पाटिल ने बताया कि फुलड़ी में अजनाल नदी से गाद निकालने के साथ-साथ आर.सी.सी. नाली व क्रास ड्रेनेज का निर्माण कराया जाएगा।



## ‘नर सेवा ही नारायण सेवा है भूखे को भोजन और प्यासे को पानी पिलाना ही सच्ची सेवा है’

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ओंकारेश्वर

भगवान ओंकारेश्वर ममलेश्वर एवं मां नर्मदा को समर्पित शिव पुराण कथा के चौथे दिन अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक शिव भक्त पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा कथा के माध्यम से बताया गया कि अपने जीवन में अच्छा मित्र अच्छी पुस्तक शास्त्र अच्छा रास्ता और अच्छे विचार और सोच के माध्यम से ही हमारा जीवन सार्थक हो सकता है, भोले बाबा की भक्ति पूजा अर्चना यदि सच्चे भाव से की गई है तो कभी व्यर्थ नहीं जाएगी इसका फल हमें अवश्य प्राप्त होगा, शिव पुराण कथा सुनकर कई ऐसे पीड़ित लोग हैं जिन्होंने सच्चे मन से भोले बाबा को एक लोटा जल चढ़ाकर बेल पत्र चढ़ाकर उसे ग्रहण किया तो बड़ी से बड़ी उनकी पीड़ा दूर हो चुकी है, आप कथा के माध्यम से उन परिवारों से रूबरू हो सकते हैं, समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि खंडवा जिले के श्रद्धालु विगत 3 वर्षों से पंडित प्रदीप मिश्रा की शिव पुराण कथा का इंतजार और प्रयास कर रहे थे, लेकिन भगवान भोलेनाथ की कृपा से बिन मांगे ही पंडित की शिव पुराण कथा का मोती हमें प्राप्त हो गया, तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर क्षेत्र में आयोजित यह कथा सामान्य कथा नहीं हमारा अच्छा पुण्य प्रताप कथा का माध्यम बना है जहां इस कथा में यजमान के रूप में स्वयं भगवान ओंकारेश्वर महादेव, अमलेश्वर महादेव एवं मां नर्मदा रेवा साक्षात रूप में विराजमान हैं ऐसी कथा का लाभ हमें प्राप्त हो रहा है जिससे हमारा जीवन धन्य होगा, प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि चौथे दिन की कथा में हमारे क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, परभणी महाराष्ट्र के सांसद, विधायक नारायण पटेल, सचिन बिरला, कंचन मुकेश तनवे, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेडे ने शामिल होकर पंडित मिश्रा जी का अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त करते हुए कथा का श्रवण किया, सांसद पाटिल ने संसदीय क्षेत्र की जनता की ओर से पंडित प्रदीप मिश्रा को भोले बाबा की प्रतिमा स्मृति स्वरूप भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त किया , ओम नमः शिवाय के वाचन के साथ कथा के चौथे दिन पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि हमारे बड़े पुण्य प्रभाव से बड़ी मुश्किल से हमें मानव जीवन प्राप्त हुआ है इसका हम सदुपयोग करें इसे व्यर्थ बर्बाद ना होने दे, प्रभु की भोले बाबा की भक्ति में लीन रहे जीवन में अच्छे कार्य करते रहे।

## जिला माहेश्वरी महिला सभा ने निकाली साड़ी मैराथन रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

खंडवा जिला माहेश्वरी महिला सभा द्वारा महेश नवमी उत्सव के प्रथम दिवस अध्यक्ष रेखा मंत्री व सचिव रीना गिलड़ा के नेतृत्व में साड़ी मैराथन रैली का आयोजन हुआ। नारायण बाहेती ने बताया कि साड़ी मैराथन रैली नगर पालिक निगम से मंगलवार प्रातः 7- 30 पर प्रारम्भ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए माहेश्वरी भवन बुधवारा बाजार पहुँची। रास्ते मे बैनरों व नारो के माध्यम से साड़ी के महत्व को बताया गया। रैली में महिलाओं द्वारा पीली साड़ी व लाल दुपट्टा धारण कर एकरूपता का संदेश दिया। माहेश्वरी भवन बुधवारा में बेनर अनावरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। अतिथि के रूप में डॉ आस्था उबेजा, समाजसेवी आशा उपाध्याय, निशा अग्रवाल व नारायण बाहेती उपस्थित हुए। स्वागत उद्बोधन में रेखा मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय प्रोजेक्ट के तहत साड़ी मैराथन का राष्ट्रीय स्तर पर आयोजन किया गया। सभी को सनातन संस्कृति के तहत धार्मिक व सामाजिक आयोजनों में साड़ी पहनने की बात कही।मुख्य अतिथि के रूप में डॉ आस्था उबेजा ने खण्डवा जिला माहेश्वरी सभा के इस आयोजन की सराहना करते हुए कहाकि हम पश्चिमी सभ्यता तेजी से अपना रहे है।

मूंग उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा की

## ‘अमानक बीज विक्रय करने वाली संस्थाओं के लाइसेंस निलंबित की करें कार्रवाई’

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



कलेक्टर आदित्य सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में कृषि, सहकारिता, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, वेयरहाउस कार्पोरेशन, सहकारी बैंक, मार्कफेड व नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों की बैठक लेकर मूंग उपार्जन के लिये की जा रही तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। इस बैठक में वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से सभी एसडीएम और तहसीलदार भी शामिल हुए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देश दिये कि अपने-अपने क्षेत्र के वेयरहाउसों का निरीक्षण कर सत्यापन करें।

उन्होंने कहा कि मूंग के भंडारण के लिये वेयरहाउसों के चयन के मामले में शासन द्वारा निर्धारित मानदंडों का पालन किया जाए। उन्होने राजस्व अधिकारियों के माध्यम से मूंग के रकबे का सत्यापन कराने के निर्देश भी बैठक में दिये। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देश दिये कि अपने-अपने क्षेत्र की विकासखण्ड स्तरीय उपार्जन समिति की नियमित रूप से बैठक लें और उपार्जन के लिये की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा करें। उन्होंने सभी एसडीएम को उपलब्धता की समीक्षा करने के निर्देश भी दिये और कहा कि खाद बीज के अवैध भंडारण की नियमित जांच कर कार्यवाही की जाए। कलेक्टर ने अमानक बीज की जांच के लिये सेम्पलिंग के निर्देश कृषि विभाग के अधिकारियों को दिये और कहा कि अमानक होने पर लाइसेंस निलंबित करें।

**लोकायुक्त इंदौर ने वनकर्मी को 10 हजार लेते पकड़कर किया था पर्दाफ़ाश**

## भीकनगांव उप वन मंडल: जेसीबी पकड़ने छोड़ने और वसूली के मामले थम नहीं रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या



भीकनगांव उप वन मंडल में जेसीबी मशीनें पकड़ने, छोड़ने और धमकाकर मोटी रकम वसूलने की घटनाएं अब आम बात हो गई है। ऐसे घटनाक्रम,आये दिन चर्चित होते हैं, कुछ दिन शोर सुनते हैं और फिर इनका पटाक्षेप हो जाता हैं। एक ऐसे ही मामले में हाल ही में लोकायुक्त इंदौर ने एक वनकर्मी को 10 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। वनकर्मी ने जेसीबी छोड़ने के मांगे थे 50 हजार पर सौदा हुआ था 20 हजार में।

कमोबेश ऐसे ही घटनाक्रमों को लेकर उक्त उप वन मंडल के वन परिक्षेत्र चिरीया और तितरान्या में भी प्रकाश में आते रहते हैं। चाहे सड़क अथवा खेती सुधार का मामला हो, वहां वन विभाग की कारवाई होती है और फिर डराने धमकाने का दौर शुरू हो जाता है। जबकि कतिपय वन अधिकारी सम्पूर्ण क्षेत्र और महाराष्ट्र की सीमा तक रात के अँधेरे में ख़ाक छानते रहते हैं, जिससे कई बार विवाद की स्थिति भी निर्मित होती रहती है। लेकिन इस तरह की सक्रियता वनों की सुरक्षा को लेकर नहीं की जाना, चिंताजनक है।

### साढ़े पांच माह में भी कारवाई नहीं

गौरतलब है कि पहाड़ी अंचल के तितरान्या वन परिक्षेत्र में 22 दिसम्बर 23 को मांडवा भट्टी बीट में एक जेसीबी बरामद की गई थी,जो कक्ष क्र.876 में अवैध उत्खनन कर तालाब निर्माण कर रही थी। जिसका क्र.एमपी10 डीए ड्ढ332 और मालिक युनुस खान ग्राम बोरी (धुलकोट) है। इन मामलों का निराकरण 90 दिनों में करने का प्रावधान है,परन्तु साढ़े पांच माह तक कोई कार्रवाई नहीं करने से कई प्रकार की आशंकाएं व्याप्त है।

### राजसात, छोड़ने में दिखाई तत्परता!

वन परिक्षेत्र चिरीया की नहालदरी बीट में एक जेसीबी मशीन जब्त की गई थी। 3 अक्टूबर 23 को कक्ष क्र.901 में वन क्षेत्र की पहाड़ी पर तलाई निर्माण किया जा रहा था। जिसके मालिक नजमुद्दीन हमीदा और चालक तौफिक उर्फ तौसिक जिला नूह (हरियाणा) हैं, मुकाम पंधाना है। एसडीओ वन दिनेश वास्कले ने 21 दिसंबर 23 को इस जेसीबी मशीन को राजसात करने के आदेश दिए थे। नजमुद्दीन ने वन संरक्षक खंडवा वृत के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया था। इस मामले में उन्होंने 28 मार्च को राजसात के आदेश को निरस्त कर दिया। जेसीबी को छोड़ दी।



### इनका कहना है

वन अपराध रोकने के मामले में विभाग सक्रियता से कार्रवाई करता है और वन क्षेत्र नहालदरी में पकड़ी गई जेसीबी के मामले में भी ऐसा ही किया गया। जबकि वन भूमि के उत्खनन करने पर आर्थिक जुर्माना वसूल करने की कार्रवाई जारी है।
**संजय चौहान**, वन परिक्षेत्र अधिकारी चिरीया (झिरन्या)

### इनका कहना है

बरामद जेसीबी का प्रकरण समयावधि में वरिष्ठ कार्यालय को भेज दिया है और उसमें कारवाई का अधिकार उक्त कार्यालय को है। वन क्षेत्रों में रात्रि गश्त करना सामान्य बात है और वन अपराध रोकने में छोटे मोटे विवाद हो जाते हैं।
**पियूष कुमार चौधरी**, वन परिक्षेत्र अधिकारी,तितरान्या (झिरन्या)